मुरलीपुरा पुलिस ने दबोचा 10 हजार रुपए का इनामी डकैत

आरोपित ने पिस्तौल के दम पर गैंग के साथ मिलकर लूटे थे 60 लाख रुपए

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। मुरलीपुरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दस हजार रुपए के इनामी डकैत को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित ने पिस्तौल के दम पर गैंग के साथ मिलकर 60 लाख रुपए लूटे थे। वहीं पुलिस से बचने के लिए आरोपित चार राज्यों में छिपकर फरारी काट रहा था। पुलिस पूर्व में डकैती में शामिल चार बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि मुरलीपुरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दस हजार रुपए के इनामी डकैत सचिन मीणा (20) निवासी बसवा जिला दौसा को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपित ने राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में छिपकर फरारी काटना बताया है।

थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील ने बताया कि मुरलीपुरा के विकास नगर निवासी चन्द्रशेखर ने नौ मई को डकैती का मामला दर्ज करवाया था कि आरटीजीएस के बहाने रुपयों को इकट्ठा करवा कर गैंग सरगना तिलक लोहिया ने बुलाया। जहां मास्टरमाइंड तिलक ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर पिस्तौल के दम पर डकैती डाली और 60 लाख रुपए का बैग लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने मास्टरमाइंड तिलक लोहिया को दिल्ली के आया नगर बस स्टेंड से धर-दबोचा। जिसके कब्जे से 44 लाख रुपए बरामद किए गए। वहीं डकैती में शामिल बदमाश तिलक, अजयदान और अर्चना सिंह को भी पुलिस ने धर-दबोचा। लूट के मामले में बदमाश सचिन मीणा फरार चल रहा था। पुलिस की ओर से दस हजार रुपए इनाम घोषित कर उसकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी। जहां पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दौसा में दबिश देकर धर-दबोचा।

दस हजार रुपए का इनामी डकैत गिरफ्तार करने में कांस्टेबल अनिल कुमार,पूरणमल और बसवा थाना जिला दौसा के प्रमोद कुमार में विशेष भूमिका रही। इन्होंने आरोपित के निवास स्थान से समन्वय कर हर गतिविधि पर नजर रखर कर काफी प्रयासों के बाद आरोपित को दस्तयाब किया।

मुरलीपुरा थाना पुलिस ने इनामी डकैत को गिरफ्तार किया।

- पुलिस से बचने के लिए चार राज्यों में छिपकर काट रहा था फरारी
- डकैती के इस मामले में चार बदमाश पूर्व में हो चुके हैं गिरफ्तार

शहीद स्मारक पर धरना देकर विरोध जताएंगे कर्मचारी

जयपुर (कासं)। महासंघ एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि बजट घोषणाओं को पूरा नहीं करने से विभिन्न विभागों में कार्यरत राज्य कर्मचारियों के साथ साथ निविदा, संविदा, प्लेसमेंट एजेंसी तथा मंत्रालयिक, जेल प्रहरियों आदि कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। इन कर्मचारियों की नाराज़गी अब आंदोलन का रूप ले रही है। इस मामले को लेकर 24 सितंबर को एम.आई. रोड स्थित शहीद स्मारक पर धरना देकर कर्मचारी विरोध जताएंगे।

गजेन्द्र सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा दो-दो बार बजट घोषणा को पूरी करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा डेडलाइन जारी करने के बावजूद कर्मचारियों से जुड़े निर्णयों को विभागों द्वारा लागू नहीं किया गया है। यह सीधा-सीधा कर्मचारियों के साथ छलावा है। इन्हीं मुद्दों को लेकर महासंघ एकीकृत के प्रदेश कार्यालय राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय जयपुर पर महासंघ की आपात बैठक बुलाई गई। बैठक में पदाधिकारियों द्वारा सरकार द्वारा बजट में की गई घोषणाओं को पूरा नहीं करने पर रोष व्याप्त किया गया। प्रदेश महामंत्री मोहनलाल शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने बजट के दौरान अपनी घोषणा में कहा था कि प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कार्मिकों को संविदा पर नियोजित किये जाने की व्यवस्था को चरणबद्ध रूप से समाप्त कर कार्मिक विभाग के अधीन राजकीय संस्था का गठन कर ठेकेदारों के शोषण से मुक्त करने का वादा किया गया था परंतु अभी तक पालना नहीं हुई।

आइडियाथॉन में एस.के.आई.टी. के छात्रों ने जीता प्रथम पुरस्कार

जयपुर (कासं)। इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी), एसकेआईटी के विद्यार्थियों ने लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय आइडियाथॉन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है।

दो दिवसीय इस कार्यक्रम में पहले दिन प्रतिभागी टीमों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए, जिनमें से चयनित टीमों को दूसरे दिन अंतिम प्रस्तुति का अवसर मिला। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, राजस्थान के युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, सांसद मंजू शर्मा एवं विधायक गोपाल शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 13 राज्यों के 30 से अधिक शहरों एवं देशभर के 50 से अधिक विश्वविद्यालयों से कुल 156 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई थीं। इनमें एसकेआईटी के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों तनमय व्यास एवं चारु वैष्णव तृतीय वर्ष बी.टेक ने भारतीय रेलवे द्वारा प्रदत्त समस्या का अभिनव समाधान प्रस्तुत कर निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। आईआईसी के अध्यक्ष प्रोफेसर मुकेश अरोड़ा (हेड इन्क्यूबेशन सेल) ने छात्रों को बधाई दी एवं मनोबल बढ़ाया । छात्रों ने स्वदेशी एआई-आधारित प्रणाली विकसित की है, जिसमें रीयल-टाइम मैग-टैग्स, एडेप्टिव सेफ स्पीड एवं स्मार्ट शेड्यूलिंग जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ सम्मिलित हैं। यह मेड इन इंडिया, फॉर इंडिया समाधान न केवल लागत को कम करेगा, बल्कि रेलवे संचालन की सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाएगा। साथ ही, यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान सिद्ध होगा।

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि की प्रशंसा की एवं टीम को वास्तविक रेलवे ट्रैक डेटा उपलब्ध कराए जाने की घोषणा की। इसके लिए उन्हें उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक से जोड़ा जाएगा, जिससे विद्यार्थी अपनी परियोजना को और अधिक व्यावहारिक रूप से विकसित कर सकें।

प्रदेश में ग्रामीण सेवा शिविर 17 सितंबर से शुरू होंगे

जयपुर । पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन 17 सितंबर से किया जाएगा। पूर्व में 18 सितम्बर से आयोजित होने वाले गांव चलो अभियान का नाम अब "ग्रामीण सेवा शिविर" किया गया है, जो एक दिन पूर्व 17 सितंबर से प्रारंभ होगा। अभियान के प्रथम सप्ताह में आयोजित होने वाले शिविर बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार को प्रत्येक दिवस 2 ग्राम पंचायतों में आयोजित किये जाने है। शेष अभियान के शिविर सप्ताह के प्रत्येक गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार को प्रत्येक दिवस 2 ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाना है। अभियान की अवधि तब तक होगी जब तक कि प्रत्येक पंचायत समिति की प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन ना हो जाये। अभियान में सरकारी योजनाओ हेतु आवेदन एवं स्वीकृतियां, स्वास्थ्य शिविर, स्वामित्व योजना के तहत पट्टों हेतु आवेदन, स्वीकृतियां एवं वितरण, दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव के तहत 10 हजार और गांव में बीपीएल परिवारों का सर्वे, बिजली तारों एवं खंभों इत्यादि में सुधार के कार्य होंगे।

हैरिटेज निगम ने पांच भवनों का जर्जर हिस्सा ढहाया

किशनपोल जोन ने दूसरे दिन भी जारी रखी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

जयपुर (कासं)। परकोटे में हो रहे जर्जर भवनों को लेकर हैरिटेज निगम प्रशासन ने लगातार दूसरे दिन भी कार्रवाई जारी रखी है।

किशनपोल जोन ने सुभाष चौक इलाके में पांच भवनों के जर्जर हिस्से ध्वस्त कर दिया। इस दौरान निगम की इंजीनियरिंग विंग ने जेसीबी की मदद भी ली, वहीं चार अन्य जर्जर भवन को अस्थाई रूप से सीज कर दिया। निगम प्रशासन ने भवन मालिक को सख्त नोटिस भी दिया कि अगर 24 घंटे में भवन की मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया या अपने स्तर पर नहीं गिराया तो निगम की ओर से जर्जर भवन को ध्वस्त कर दिया जाएगा। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई किशनपोल जोन की इंजीनियरिंग विंग में मॉनिटरिंग में की गई, इस दौरान अधिशाषी अभियंता लक्ष्मी नारायण मीणा, सहायक अभियंता मोहम्मद इमरान, कनिष्ठ अभियंता विजेंद्र मीणा सहित अन्य निगम के इंजीनियर मौजूद रहे। इस संबंध में किशनपोल जोन उपायुक्त दिलीप भंभानी ने बताया कि हैरिटेज निगम आयुक्त डॉ. निधि पटेल के निर्देश पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवण वर्मा के निर्देशन में जोन इलाके में जर्जर भवनों का निरीक्षण कर सात भवनों को ध्वस्त के लिए माना, वहीं सात भवनों के रिपेयर के लिए भवन मालिक को नोटिस दिया गया। ऐसे में जोन की इंजीनियरिंग विंग टीम ने बुधवार को दो भवनों के जर्जर हिस्से को ध्वस्त किया, इसके बाद गुरुवार को सुभाष चौक इलाके के रामकुमार धाबाई की गली में पांच जर्जर भवनों को मजदूर और जेसीबी की सहायता से ध्वस्त कर दिया। चार अन्य जर्जर भवनों को अस्थाई रूप से सीज किया गया है। जोन उपायुक्त दिलीप भंभानी ने बताया कि कमेटी को अन्य जर्जर भवनों के मामले को भी रेफर किया जाएगा, कमेटी की रिपोर्ट के बाद बाकी जर्जर भवनों का मौका निरीक्षण कर आगे भी नियमानुसार ध्वस्त करने की कार्रवाई करेगी।

- निगम प्रशासन ने चार जर्जर भवन को किया अस्थाई सीज

हैरिटेज निगम प्रशासन ने सुभाष चौक इलाके में पांच भवनों के जर्जर हिस्से ध्वस्त किए।

आयुक्त ने किया कचरा ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण

जयपुर । हैरिटेज निगम आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने गुरुवार को लाल डूंगरी दिल्ली रोड स्थित मॉर्डन कचरा ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कचरा ट्रांसफर स्टेशन के सिविल निर्माण कार्य में धीमी गति होने पर आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने नाराजगी जाहिर की और निगम अधिकारियों को समय पर गुणवत्ता पूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने बताया कि लाल डूंगरी दिल्ली रोड पर मॉर्डन कचरा ट्रांसफर स्टेशन बनाया जा रहा है। इसका मैकेनिज्म पार्ट बनकर तैयार हो गया है। अब यहां पर सिविल कार्य चल रहा है, जिसे जल्द पूरा करने के निर्देश संबंधित कांट्रेक्टर को दिए है। हेरिटेज निगम के प्रोजेक्ट शाखा अधिशाषी अभियंता मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि मॉर्डन कचरा ट्रांसफर स्टेशन पूर्णतया कवर ट्रांसफर स्टेशन रहेगा। इसके बनने के बाद हूपर के द्वारा यहां वेस्ट सामग्री लाई जाएगी, जिसे जमीन पर गिराए बिना ही दो कैप्सूल नुमा कंटेनर में डाल दिया जाएगा। फिर कंटेनर गाड़ी से जुड़कर सीधा निगम के प्लांट पर चला जाएगा।

सार-समाचार

"डिलिवरिंग इंस्टेंट जस्टिस" पुस्तक भेंट

जयपुर। राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नार्थ अमेरिका के अध्यक्ष प्रेम भंडारी के प्रतिनिधि के रूप में प्लान्टेशन बोर्ड राजस्थान के चेयरमैन सर्वेश्वर शर्मा एवं निदेशक प्रवीण शर्मा ने एवं आध्यात्मिक चिकित्सक तरुण माथुर ने राजस्थान हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल चंचल मिश्रा को पूर्व जज गणपत भंडारी द्वारा लिखित पुस्तकें भेंट की। यह पुस्तकें डिस्ट्रिक्ट जज एवं जो हाईकोर्ट के अधीन आते हैं, को वितरित की जा सकेगी। प्रेम भंडारी ने बताया कि ये पुस्तक पूर्व न्यायाधीश गणपत भंडारी ने लिखी है। इस पुस्तक के बारे में उन्होंने बताया कि भंडारी ने अपने जीवन में 12 हजार ऐसे फैसले किये, जिनका निर्णय भी उसी दिन प्रदान किये। आज देश के कोर्ट में करोड़ों मामले लम्बित है, जो चिंता का विषय है इसे ठीक करने के लिए डिलिवरिंग इंस्टेंट जस्टिस पुस्तक संजीविनी का कार्य कर सकती है। अगर कोर्ट के लंबित मामलों की समय पर सुनवाई हो जाये तो देश की जी.डी.पी.में 2 प्रतिशत का बदलाव आ सकता है। इस सुअवसर पर प्रेम भंडारी ने भारत सरकार के कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को मीडिया के माध्यम से आग्रह किया किया है कि देश के संमस्त हाइकॉर्ट्स से जुड़े हर न्यायालय तक इस पुस्तक का वितरण विधि मंत्रालय द्वारा किया जाना चाहिए। भंडारी ने कहा कि विधि मंत्रालय का लक्ष्य होना चाइए कि इस पुस्तक को में देश की बड़ी से बड़ी और छोटी से छोटी न्यायपालिका तक पहुंचाने जाए।

झोटवाड़ा में रेलवे कार्यों को मिलेगी रफ्तार

जयपुर (कासं)। झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में रेलवे से जुड़े विकास कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। कैबिनेट मंत्री व झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर क्षेत्र के कई महत्त्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस बैठक के दौरान कर्नल राठौड़ ने कनकपुरा रेलवे स्टेशन को आदर्श स्टेशन के रूप में विकसित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बढ़ती आबादी और यात्रीभार को देखते हुए स्टेशन पर आधुनिक सुविधाएं जरूरी हैं। उन्होंने क्षेत्र के प्रमुख लेवल क्रॉसिंग पर लंबित (रेलवे ओवरब्रिज)/ (रेलवे अंडरब्रिज) परियोजनाओं को भी शीघ्रता से पूरा करने का आग्रह किया। इनमें सिरसी हाथोज लिंक रोड, बिन्दायका, धान्क्या, बेगस-पचार रोड, बोबास, आसलपुर और ढीण्ढा जैसे स्थान शामिल हैं। कर्नल राठौड़ ने बोबास रेलवे स्टेशन पर जयपुर-फुलेरा एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 59629) समेत अन्य ट्रेनों के ठहराव की भी मांग रखी, जिससे स्थानीय यात्रियों को सुविधा मिल सके। बैठक में बिन्दायका, श्योसिंहपुरा और ढीढ़ा जैसे नॉन-इलेक्ट्रिफाइड स्टेशनों के विद्युतीकरण और समस्त स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के विकास पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर कर्नल राठौड़ ने कहा, झोटवाड़ा की जनता को सुगम यातायात, आधुनिक स्टेशन सुविधाएं और बेहतर रेल सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने आशा जताई कि रेल मंत्रालय इन परियोजनाओं को प्राथमिकता से आगे बढ़ाएगा।

उम्रकैद की सजा काट रहा बंदी फरार

जयपुर । मालपुरा गेट थाना इलाके में स्थित सांगानेर खुला बंदी शिविर से एक कैदी भाग गया। फरार कैदी जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा था। सुबह कैदियों की गिनती के दौरान उसके फरार होने का पता चला। जेल प्रशासन की ओर से मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस फरार कैदी की तलाश में जुटी है। जांच अधिकारी पुलिस हेड कांस्टेबल धोली बाई ने बताया कि डॉ. संपूर्णानंद बंदी खुला शिविर सांगानेर के जेल प्रहरी हेमराज वैष्णव ने मामला दर्ज करवाया है कि फरार कैदी फुलचन्द (44) नि खेतड़ी जिला झुंझुनू का रहने वाला है और वह सांगानेर खुली जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है। बुधवार को कैदी फूलचंद रॉल-कॉल के समय गिनती करने पर मौजूद नहीं था। कैदी फूलचंद को उसके आवास और आस-पास तलाश किया। लेकिन वह गायब मिला। उसका मोबाइल नंबर भी बंद मिला। रात के अंधेरे में कैदी के फरार होने की सूचना जेल अफसरों को दी गई। जेल प्रशासन की ओर फरार कैदी की तलाश की गई। लेकिन उसका पता नहीं लग सका। मालपुरा गेट थाने में फरार कैदी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस की एक टीम बंदी के सम्भावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

खेल कोटे की भर्ती में आंशिक संशोधन

जयपुर। पुलिस भर्ती एवं पदोन्नित बोर्ड ने कांस्टेबल उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा भर्ती-2025 के लिए एक महत्वपूर्ण संशोधन किया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि 167 पदों पर जारी भर्ती की विज्ञिप्त में खेल-वार रिक्त पदों के वर्गीकरण में बदलाव किया गया है। यह संशोधन केवल पदों के वर्गीकरण से संबंधित है। भर्ती की अन्य सभी शर्तें और प्रावधान पहले की तरह ही रहेंगे। संशोधित और पूरी जानकारी पुलिस विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वेबसाइट पर जाकर संशोधित विज्ञिप्त को ध्यान से देख लें।

टैंडर में आई सिंगल फर्म को कार्यादेश देने की तैयारी!

जयपुर । जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन-7 में सड़क निर्माण के टैंडर में सिंगल फर्म को कार्यादेश देने की तैयारी चल रही है। यूं तो निविदा की वित्तीय बिड खुले करीब 15 दिन बीते चुके हैं, परंतु जेडीए प्रशासन ने निविदा निरस्त करने जैसा कोई कदम नहीं उठाया है। जबकि पिछले दिनों जोन 14 में नाले के बॉक्स डालने के टैंडर में जब सिंगल फर्म ने भाग लिया था तो जेडीए प्रशासन ने तत्काल निविदा रद्द कर दी थी।

सूत्रों ने बताया कि झोटवाडा विधानसभा क्षेत्र की कॉलोनियों मूर्ति नगर, ढाका नगर, लक्ष्मी नगर-डी और शेखावत कॉलोनी की सड़क बनाने के लिए जेडीए के जोन-7 प्रशासन ने पिछले दिनों 2.65 करोड की निविदा लगाई थी, इस टैंडर में सिर्फ अकेली फर्म मैसर्स सरस्वती कंस्ट्रक्शन कंपनी ने भाग लिया। इस फर्म ने करीब 17.89 प्रतिशत कम दर पर यह कार्य करने की सहमति दी है। परंतु हैरानी की बात यह है कि टैंडर में सिर्फ एक फर्म के शामिल होने के कारण फेयर कम्पीटिशन नहीं हुआ, इसके बावजूद भी अधिकारी इस फर्म को ठेका देने की तैयारी में जुटे हुए है। चूंकि आर.टी.पी.पी. एक्ट के मुताबिक निविदाओं में सिंगल फर्म को कार्यादेश नहीं दिया जा सकता। देखा जाए तो निविदा की तकनीकी बिड खोलते समय ही अधिकारियों को यह मालूम पड़ जाता है कि कितनी फर्मों ने इस टैंडर में भाग लिया है। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जेडीए प्रशासन भी सिंगल फर्म वाली निविदाओं को रद्द करता आया है।

- झोटवाड़ा क्षेत्र की कॉलोनियों में 2.65 करोड़ रुपए के सड़क निर्माण के टैंडर का मामला

निगम ने अतिक्रमण हटाकर 9 ट्रक सामान जब्त किया

जयपुर । हैरिटेज निगम की सतर्कता शाखा ने गुरुवार को अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 9 ट्रक सामान जब्त कर लिया, साथ ही निगम दस्ते ने 20 हजार रुपए परिवहन शुल्क वसूल किया है। हैरिटेज निगम उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सतर्कता शाखा ने गुरुवार को छोटी चौपड़, चांदपोल, संजय सर्किल, जनाना अस्पताल, झोटवाड़ा, पीतल फैक्ट्री, शास्त्री नगर, संसार चंद्र रोड, सी स्कीम, सचिवालय, हाईकोर्ट, पांच बत्ती, चौड़ा रास्ता, बापू बाजार, लिंक रोड, जल महल क्षेत्र में कार्रवाई की।

शातिर नकबजन गैंग का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

जयपुर । शिप्रा पथ पुलिस ने शातिर नकबजन गैंग का पर्दाफाश कर दो शातिर नकबजनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हजारों की नकदी समेत लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए है। शातिर नकबजनों ने पुलिस को गुमराह करने के लिए महिला के वेश में वारदात को अंजाम दिया है। ताकी सीसीटीवी फुटेज से बचा जा सकें। पुलिस ने दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर गैंग के अन्य लोगों के बारे में पूछताछ शुरु कर दी है।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि गत 7 सितम्बर को परिवादी दीपक राघव ने घर में चोरी होने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने करीब 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसमें एक महिला के कपड़े और दुसरा आरोपी बैडशीट ओढे नजर आया। मुखबिर व तकनीकी सूचना के आधार पर आरोपियों को डिटेन कर दबिश देकर मुख्य आरोपी जीतराम उर्फ जीतू खटीक (23) खटिको का मोहल्ला लाम्बा ,टोडारासिंह ,टोंक हाल राजीव आवास योजना ,कीरो की ढाणी, मुहाना निवासी व सह अभियुक्त राजा सिंह (22) पुत्र प्रभु सिंह, मोतिहारी बिहार , हाल प्रधान वाटिका सुमेर नगर ,मुहाना निवासी को दबोच लिया।

शहरी सहकारी बैंक अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य करें : हरिभाऊ बागड़े

डेनमार्क में सहकारिता से कृषि और डेयरी का जो विकास हुआ है, वह प्रेरित करने वाला : राज्यपाल

जयपुर । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र के शहरी बैंक मुनाफा कमाने को अपना उद्देश्य नहीं रखकर समाज को आर्थिक रूप से सशक्त करने को अपना ध्येय बनाए।

उन्होंने कहा कि राजस्थान और यहां के व्यवसाई देशभर में आर्थिक गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। आर्थिक रूप से सुदृढ़ सभी लोग सहकारिता से जुड़े। इसी से राष्ट्र और प्रदेश को तेजी से विकसित किया जा सकेगा। उन्होंने शहरी सहकारी बैंकों के जरिए पंक्ति के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को अधिकाधिक लाभान्वित किए जाने पर भी विशेष रूप से जोर दिया। उन्होंने कहा कि गरीब, जरूरतमंद को मुख्य धारा में लाने के उद्देश्य से सहकारी बैंक कार्य करेंगे तभी सही मायने में "सबका साथ सबका विकास" को हम साकार कर पायेंगे। राज्यपाल बागडे गुरुवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में सहकार भारती एवं सहकारिता विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित अर्बन को ऑपरेटिव बैंक के राष्ट्रीय अधिवेशन में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कॉपरेटिव बैंक न केवल हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, बल्कि यह लाखों लोगों को, उनके परिवारों के लिए आजीविका का एक मजबूत स्त्रोत भी है। राज्यपाल ने सहकार को लेकर "बैठने को फटफटी और खर्चे को सोसायटी" कहावत की चर्चा करते हुए कहा कि सहकार में अपने लिए नहीं सबके विकास की सोच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डेनमार्क में सहकारिता से कृषि और डेयरी का जो विकास हुआ है, वह प्रेरित करने वाला है। राज्यपाल ने कहा कि सहकारिता से सभी का समान आर्थिक विकास, रोजगार जनन और सामूहिक विकास संभव है।

उन्होंने राजस्थान में अधिकाधिक सहकारी बैंक स्थापित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने राजस्थान में सरस की सहकारी गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि डेयरी के साथ अन्य उत्पादों का भी सहकारिता की सोच से प्रभावी विपणन किए जाने का आव्हान किया।उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन में विश्वभर में हमारा देश पहले स्थान पर है। सहकारिता को प्रभावी गति देने से इस क्षेत्र के माध्यम से हम सर्वांगीण विकास की ओर तेजी से आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे यहाँ सबसे पहले सयाजीराव गायकवाड़ जी ने बडोदा में एक अर्ध-सहकारी कारखाना स्थापित किया था। इसके बाद विखे पाटिल और धनंजयराव गाडगिळ ने 1949 में प्रवरा सहकारी चीनी कारखाना की स्थापना की।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित अर्बन को ऑपरेटिव बैंक के राष्ट्रीय अधिवेशन में संबोधित किया।

हरिद्वार, वाराणसी और सारनाथ जाएगी विशेष ट्रेन

जयपुर। राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना 2025 के अंतर्गत विशेष ट्रेन रविवार, 14 सितम्बर को पाली जिले की सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के जवाई बांध रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। इस ट्रेन को पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। जवाई बांध रेलवे स्टेशन से दोपहर साढे 12 बजे रवाना होकर यह ट्रेन पाली, जोधपुर होते हुए हरिद्वार, ऋषिकेश, अयोध्या, वाराणसी और सारनाथ पहुंचेगी। ट्रेन में आठ जिलों से कुल 676 यात्री सवार होंगे। इस यात्रा में जोधपुर जिले के 350, पाली जिले के 100 और जवाई बांध से 226 वरिष्ठ नागरिक सहित कुल 676 यात्री सम्मिलित होंगे। जवाई बांध रेलवे स्टेशन से सिरोही जिले के 106, जालोर के 120, पाली मारवाड़ जंक्शन से अपराह्न 2:30 बजे पाली जिले के 100, भगत की कोठी, जोधपुर रेलवे स्टेशन से सांय 4 बजे पांच जिलों के 350 वरिष्ठजन सवार होंगे।